## रामनवमी छह अप्रैल को मनायी जायेगी : गोलू पांडेय

**कोडरमा।** जिले में इस बार रामनवमी छह अप्रैल को मनायी जायेगी। इसे लेकर ज्योतिषी गोलू पांडेय ने बताया कि नवरात्रि में प्रभु श्रीराम और पवन पुत्र हनुमान जी की आराधना विशेष फलदायी मानी जाती है। श्रीरामचरित मानस का नवाह्न पारायण पाठ, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, संकटमोचन हनुमानाष्टक का पाठ करना अत्यंत शुभ रहेगा। इस वर्ष मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं, जो अच्छी वर्षा और समृद्धि का संकेत है, लेकिन वे भैंसे पर सवार होकर जाएंगी, जो रोग और विपत्तियों का संकेत देता है। ऐसे में स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना आवश्यक होगा। ज्योतिषी विनिता निशु ने बताया कि नवरात्रि में श्री राम, जय राम, जय जय राम मंत्र का जाप करना अत्यंत कल्याणकारी माना गया है। मां दुर्गा की कृपा प्राप्ति के लिए श्रीदुर्गासप्तशती, दुर्गा चालीसा, स्तोत्र एवं मंत्रों का पाठ करना शुभ रहेगा। वहीं उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दौरान ईशान कोण में कलश स्थापना एवं अखंड ज्योति प्रज्वलित करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना करने से भक्तों को सुख, शांति एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### झुमरीतिलैया देवी मण्डप में कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि की धूम

# 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर मां भगवती की हुई विशेष पूजा अर्चना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** रविवार से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है। वहीं झुमरीतिलैया के प्रसिद्ध देवी मंडप में पहले दिन भगवती जगदम्बा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा धूमधाम से की गई। इसी दिन से हिंदू नववर्ष की भी शुरुआत हो गई है, इसलिए इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। खास बात यह है कि इस बार नवरात्रि पूरे 9 दिन नहीं बल्कि 8 दिन की होगी। क्योंकि इस बार चतुर्थी और पंचमी तिथि का संयोग एक ही दिन होने के कारण नवरात्रि आठ दिनों की होगी। वहीं रविवार को मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ ही कलश स्थापित की गई।



इस दौरान लोगों ने भक्ति भाव से मां की आराधना कर सुख शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य कृष्ण मुरारी पांडे ने बताया कि इस बार देवी मंडप में कलश स्थापना की 100वीं वर्षगांठ भी मनायी जा रही है। देवी मंडप में 1925 से ही कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। इस बार माता रानी का आगमन हाथी में हुआ है, जो काफी शुभ फल देने वाला है। मान्यता है कि नवरात्रि में मां के अलग-अलग स्वरूपों की आराधना करने से वह प्रसन्न होती हैं। इससे साधक के भाग्य में वृद्धि के योग बनते हैं। इस दौरान मां दुर्गा की पूजा में दुर्गा सप्तशती का पाठ अवश्य करना चाहिए, इससे हर मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही धन दौलत, करियर और नौकरी समेत सभी क्षेत्रों में लाभ की प्राप्ति के योग बनते हैं। वहीं मंदिर में पूजन के दौरान आचार्य बरुण पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, लक्ष्मी कान्त पाण्डेय, छोटे लाल पाण्डेय, हीरालाल पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, अक्षय पाण्डेय समेत दर्जनों की संख्या में भक्तों का तांता भी लगा रहा।

## रमजान के 29वें दिन दिखा चांद, ईद आज

मरकच्चो (कोडरमा)। भारत और दक्षिण ऐशियाई देशों में मुस्लिम लोगों को रोजा रखे हुए रविवार को पूरे 30 दिन पूरे हो गए। वहीं रविवार शाम के समय इफ्तारी के बाद चांद का दीदार किया एवं आज ईद का जश्न मनाएंगे। दुनिया भर के कई देशों में रविवार को ईद का त्योहार मना लिए मगर भारत और बांग्लादेश में रविवार को चांद नहीं देखी गयी, इसलिए यहां रविवार को चांद देखने के बाद आज ईद मनाई जाएगी। मगर देश के केरल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में चांद दिखने के बाद रविवार को ही ईद का जश्न मनायें। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, रमजान का महीना 29 या 30 दिन का होता है। इस बार भारत में रमजान के 29वें दिन चांद देखी गयी। चांद दिखने के बाद ही भारत और बांग्लादेश में आज ईद मनायी जायेगी।

## अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन व हुसैनिया यूथ क्लब ने किया भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन



**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के जोलहकरमा स्थित मस्जिद-ए-अक्सा में रमजान के 28वें रोजे के अवसर पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन और हुसैनिया यूथ क्लब द्वारा भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के लोग एकजुट हुए और सौहार्द का संदेश दिया। इस आयोजन ने गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की जहां सभी समुदायों के लोग एक साथ बैठकर इफ्तार में शामिल हुए और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का संदेश दिया। शाम करीब 6 बजे पहुंचे रोजेदारों ने हाफिज शमीम साहब की दुआ के साथ रोजा खोला। इफ्तार की शुरुआत खजूर और शरबत से हुई, जिसके बाद सभी ने देश में अमन, चौन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। मौके पर तिलैया डैम ओपी प्रभारी नवीन कुमार, मो. कुद्दूस, मो.सद्दाम, अरुण यादव, अरशद खान, नौशाद अख्तर, शंकर अंबेडकर, सद्दाम अंसारी, मुकेश यादव, मिथिलेश रजक, महादेव राम, रवि शंकर यादव, मो. कयूम, श्यामदेव यादव, वीरेंद्र पांडेय, शमशाद आलम, उमेश यादव, अरविंद यादव और रवि शंकर यादव, मो.अमजद, सलीम अहमद, मो.मुजीब, विनोद रजक, मो.शमीम, हाजी सगीर, जाबाज शोएब, हाफिज जमाल, मो. गुलजार, मो.अजीम, मो.सोहैल, मो.मुमताज, मो.इस्लाम, सुमन सिन्हा, सुबित सिन्हा, बसंत सिन्हा, मुन्ना राम, मो.सेराज समेत कई लोग शामिल थे।


## अवैध रूप से पशु लदे पिकअप वैन जब्त, दो गिरफ्तार



कोडरमा। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बागीटांड़ चेकनाका के समीप से अवैध रूप से पिकअप वाहन जेएच12के/8069 पर लोड 8 बैल को वाहन सहित जब्त किया। साथ ही दो आरोपियों भादोडीह झुमरीतिलैया निवासी मो.महताब कुरैशी पिता मो.जिलानी कुरैशी और चैनपुर बिहार शरीफ निवासी मो. शमीम पिता मो. रशीद को गिरफ्तार किया गया। घटना को लेकर कोडरमा थाना में पदस्थापित एसआई दाऊद बाड़ा के बयान पर मामला दर्ज किया गया। वहीं कांड संख्या 54/25 में दर्ज मामले में एसआई ने कहा है कि वह पुलिस टीम के साथ 29 मार्च की रात्रि को गश्ती कर रहा था, 30 मार्च की अहले सुबह गुप्त सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन पर क्रूरता पूर्वक बैल लोड कर डोमचांच से बिहार के लिए जा रहा है, सूचना के आलोक में पुलिस टीम के साथ बागीटांड़ चेकनाका के पास उक्त वाहन की तलाशी ली गयी, तलाशी के दौरान उक्त वाहन में 8 बैल अवैध रूप से लोड पाये गये। वहीं वाहन में सवार दोनों आरोपियों द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया।

## छापेमारी करने गई टीम पर खनन माफियाओं ने किया हमला

- हमले में पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे पुलिस कर्मी
- पुलिस पर पथराव प्रशासन को चुनौती देने के समान





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** ढाब थाना क्षेत्र के गोरियाडीह में शनिवार की रात अवैध बेशकीमती पत्थर उत्खनन व परिवहन करने की सूचना पर छापामारी करने गई पुलिस टीम पर खनन माफियाओं ने हमला कर दिया, वहीं पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार ढाब थाना प्रभारी रवि प्रकाश पंडित को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के गोरियाडीह गांव के समीप जंगल स्थित चरका पहाड़ी में खनन माफियाओं द्वारा अवैध बेशकीमती पत्थर के उत्खनन व ढुलाई की जा रही है। सूचना के आलोक में ढाब थाना पुलिस की टीम उक्त स्थल पर छापेमारी करने गई। छापेमारी की भनक खनन माफियाओं को मिलने के बाद खनन माफियाओं ने पुलिस की टीम को रास्ते में ही रोक लिया, इसके बाद पथराव शुरू कर दिया। सूचना के मुताबिक इस हमले में पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

इस घटना में अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं बीती रात घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच, नवलशाही व सतगावां थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच चुकी है।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना के अंचल निरीक्षक विनोद आनंद ने रविवार की सुबह ढाब थाना पहुंचकर मामले की छान-बीन शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस मामला दर्ज करने की तैयारी कर रही है। विदित हो कि बीते बुधवार को जिले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के तमाम पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अवैध उत्खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। ऐसे में कार्रवाई करने गए पुलिस पर इस प्रकार से पथराव करना प्रशासन को चुनौती देने के समान है।

## झुमरीतिलैया में एडुमेटा द आई स्कूल का उद्घाटन

- पढ़ाई के साथ बच्चों में संस्कार जरूरी : डॉ.नीरा यादव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित ब्लॉक मैदान के बगल में एडुमेटा द आई स्कूल का विधायक डॉ. नीरा यादव ने उद्घाटन किया। वहीं रविवार को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ ही भारतीय संस्कार देना भी जरूरी है। आज बच्चे मोबाइल की लत नहीं छोड़ पाते हैं, ऐसे में जरूरी है खेल-खेल में उन्हें शिक्षा दी जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एडुमेटा द आई स्कूल बच्चों में अच्छे संस्कार भी भरेगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक सह मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव के साथ पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, वार्ड पार्षद आशीष भदानी, विधि महाविद्यालय की व्याख्याता डॉ. राखी भदानी, निदेशक मधु कुमारी, रेड क्रॉस के चेयरमैन अजीत बर्णवाल, सेनि शिक्षक भोला चौधरी, विहिप के मनोज चंद्रवंशी और अधिवक्ता सत्येंद्र गौतम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्ले स्कूल का उद्घाटन किया। द आई स्कूल कोडरमा की निदेशक मधु कुमारी ने बताया कि केयर, कमिटमेंट और क्रिएटिविटी इस स्कूल का टैग लाइन है। महज दो साल से कम समय में कोडरमा में इसने अपनी अलग पहचान बनायी है और अब झुमरीतिलैया में भी ब्रांच शुरू किया गया है। झुमरीतिलैया ब्रांच की एडमिन संध्या आंचल ने बताया कि द आई स्कूल के पूरे देश में लगभग एक हजार ब्रांच हैं, जिसमें खेल के साथ शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने विधायक को पौधा देकर सम्मानित किया। मौके पर अरुण कुमार सेठ, विनोद भदानी, संजीव समीर, विशाल भदानी, अविनाश कुमार, मुन्ना भदानी, रवि कप्सीमे, देवनारायण मोदी, सुनील भदानी, अरशद खान, नितेश बरबिगहिया, चीकू, प्रतीक कुमार, निलेश कुमार, जुली कुमारी, अरशद खान, श्रुति राय, ज्योति कुमारी, आंचल, सोमनाथ सरकार, विकास समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रामनवमी व ईद पर्व को लेकर निकाला फ्लैग मार्च



डोमचांच (कोडरमा)। रामनवमी व ईद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर थाना प्रभारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू हुआ जो कोडरमा-गिरिडीह रोड होते हुए ढाब रोड, बाजार रोड, बगड़ो, बगरीडीह, नावाडीह, शहीद चौक सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने आम लोगों से अपील की कि दोनों त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने की सलाह दी। मौके पर एएसआई सुबोध पाठक, कमल नाथ तांती, अजित महतो सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## सीपीएम के राष्ट्रीय महाधिवेशन के लिए झारखंड से 10 प्रतिनिधियों में संजय पासवान शामिल




**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का 24वां पार्टी कांग्रेस (महाधिवेशन) जो 2 से 6 अप्रैल तक तमिलनाडु के मदुरै शहर में होने जा रहा है। जिसके लिए झारखंड से 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का पहला जत्था रविवार को रांची से रवाना हुआ। झारखंड डेलिगेशन में शामिल सीटू नेता और माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान ने बताया कि हर तीन साल पर सभी कमिटियों का सम्मेलन आयोजित होकर अंत में राष्ट्रीय महाधिवेशन होता है। जिसे हम पार्टी कांग्रेस कहते हैं। पार्टी के 24वें महाधिवेशन में सभी राज्यों से चुने हुए करीब 1000 प्रतिनिधि व दर्शक शामिल होंगे, जो पूरे पांच दिन देश की राजनीतिक हालात पर चर्चा करेंगे। साथ ही पार्टी संगठन को मजबूत कर आगे बढ़ने की रणनीति बनाई जाएगी। वहीं संजय पासवान ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दस महीनों का अनुभव यह दिखाता है कि उसने हिंदुत्व कारपोरेट एजेंडा को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। निजीकरण के रास्ते बेरोजगारी, महंगाई बढ़ाने वाली सत्यानाशी आर्थिक नीतियां जारी हैं। आदिवासी, दलितों, पिछड़ों और महिलाओं पर अत्याचार जारी है। दूसरी तरफ लोकतांत्रिक संस्थाओं और संविधान के मूल्यों पर हमला जारी है। जिसका मुकाबला करने और भारत की धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बनाये रखने के लिए पार्टी अधिवेशन में व्यापक जन अभियान की रूपरेखा तय की जाएगी। झारखंड के प्रतिनिधिमंडल में केन्द्रीय कमिटी सदस्य और राज्य सचिव प्रकाश विप्लव पदेन प्रतिनिधि के अलावे प्रफुल्ल लिंडा, सुफल महतो, समीर दास, सुखनाथ लोहरा, शिवानी पाल, विश्वजीत देव, रामकृष्णा पासवान, सुरेश मुंडा, नादेर हुसैन व वीणा लिंडा शामिल हैं।

# अड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति धार्मिक न्यास बोर्ड रांची से हुआ पंजीकृत : नितेश चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति अड्डी बांग्ला झुमरीतिलैया को झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड से पंजीकृत होकर मान्यता प्राप्त हुई। विगत कई महीनों से अड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति में विवाद में चल रहा था। किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा इस दुर्गा पूजा समिति परिसर को व्यक्तिगत संपत्ति बनाने का प्रयास किया जा रहा था। समाज के आसपास के लोगों ने इसका प्रतिकार किया और विरोध स्वरूप उपायुक्त मेघा भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं उपायुक्त के निर्देशानुसार एसडीओ रिया सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई, मामले की छानबीन की गई, सभी महत्वपूर्ण पुराने आरोपों पर विचार किया गया। उसके उपरांत एसडीओ ने समिति को यह निर्देशित किया की समिति को ट्रस्ट के रूप में निर्माण करना है और झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड से संबद्धता प्राप्त करनी है। वहीं एसडीओ के निर्देशानुसार एक सार्वजनिक ट्रस्ट का निर्माण किया गया, जिसके अनुसार वर्ष 1924 से स्थापित सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति अड्डी बांग्ला झुमरीतिलैया के नाम से एक ट्रस्ट का निर्माण कोडरमा निबंधन कार्यालय से किया गया, जिसे कोडरमा निबंधन कार्यालय में ट्रस्ट संख्या 2025/केओडी/777/बीके4 से निबंधित किया गया। इसके पश्चात



ट्रस्ट को एसडीओ के निर्देशानुसार झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड से पंजीकृत करने के लिए आवेदन किया गया और आवेदन के पश्चात पंजीयन संख्या 653400002/2025 द्वारा पंजीकृत किया गया। सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति अड्डी बांग्ला में वर्तमान में 11 सदस्य हैं। जो न्यासी के रूप में समिति की देखभाल करेंगे और उसके साथ-साथ आम सभा के साथ ट्रस्ट में अधिक से अधिक संख्या के साथ अधिकतम ट्रस्टियों को जोड़ा जाएगा। ट्रस्ट की गतिविधियां, कार्यकाल, बाय लॉज और सभी बैलेंस को आमसभा में प्रस्तुत की जाएगी।

वहीं मुख्य न्यासीकर्ता नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि जब मुझे जानकारी हुई कि इस समिति में कुछ ठीक नहीं चल रहा है तो आसपास के सभी लोगों से जानकारी प्राप्त करने के पश्चात हर हाल में सार्वजनिक संपत्ति बनाए रखने के लिए हम सब ने इस ट्रस्ट का निर्माण किया।

वर्तमान में इस समिति के ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में आलोक सरकार, सचिव प्रकाश राम एवं कोषाध्यक्ष श्यामजीत कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। इस ट्रस्ट के निर्माण में अनूप जोशी, प्रदीप केडिया, आलोक कुमार सरकार, प्रकाश राम, श्यामजीत कुमार यादव, कमल दत्ता, अमित कुमार जायसवाल, सुदीप्तो घोष, संतोष कुमार केसरी, मनोज कुमार साव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हम सभी समिति के पदाधिकारी समाज को यह विश्वास दिलाते हैं कि यह दुर्गा पूजा समिति झुमरी तिलैया में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखेगी। वहीं वर्तमान में समिति का धार्मिक न्यास बोर्ड से मान्यता प्राप्त होने पर जनमानस में खुशी का माहौल है।

प्रेस वार्ता में मनोज सहाय, नवनीत ओझा, पंकज दुबे, प्रदीप हिसारिया, जवाहर जायसवाल, पप्पू सोनी, मनीष पेड़ीवाल, प्यारेलाल मेहता, ओमप्रकाश ब्रह्मपुरी, कृष्ण ब्रह्मपुरिया, राजू कुमार यादव, रितेश लोहनी, राजीव कुमार, अमिताभ सिंह, लाली झा, अशोक चौरसिया किशोर बर्णवाल, कुलदीप यादव, टिंकू महतो, राम सिंह, रोहित केशरी, राजू पांडे, अमित यादव समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### ईद के दौरान शांति बनाए रखने के लिए चतरा पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



**चतरा।** ईद के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चतरा पुलिस ने न्यू पुलिस लाइन परिसर में मॉक ड्रिल किया। इस अभ्यास में पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। एसडीपीओ संदीप सुमन की अगुवाई में आंसू गैस के गोले छोड़े गए और लाठीचार्ज का अभ्यास किया गया।मॉक ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों ने उपद्रवियों की भूमिका निभाने वाले अपने साथियों पर कार्रवाई की, जिसमें घेराबंदी, लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़ने जैसी तकनीकों का अभ्यास किया गया। इसका उद्देश्य पुलिस बल को किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार करना था। एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया कि पुलिस बल को दंगा नियंत्रण के लिए पूरी तरह तैयार रखने के मकसद से यह अभ्यास किया गया। इस दौरान रबर बुलेट गन, एंटी-रायट गन, टीयर गैस गन और हैंड ग्रेनेड जैसी तकनीकों की जानकारी दी गई। अभ्यास में कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

### सैपुर में मुखिया और ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ किया प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच की मांग

- चोर समझकर ग्रामीणों ने की दारोगा की पिटाई, अवैध वसूली का आरोप



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के सैपुर गांव में फर्जी मुकदमे के खिलाफ मुखिया और ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार तड़के करीब 4:30 बजे तीन बाइक सवार युवक गांव में आए और गाली-गलौज करने लगे। जब ग्रामीणों की नींद खुली और दरवाजा खोला गया, तो उन युवकों ने धमकी दी कि या तो पैसा दो या गोली खाने के लिए तैयार रहो। इसके बाद जब ग्रामीणों ने शोर मचाया, तो आरोपी भागने लगे। ग्रामीणों ने उनका पीछा किया और करीब दो किलोमीटर दूर उन्हें पकड़ लिया और मारपीट की। तभी उनमें से एक व्यक्ति ने खुद को शेरघाटी थाना के सब-इंस्पेक्टर राहुल देव बर्मन बताया, जिसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें छोड़ दिया। इस घटना के बाद सुबह 10 बजे शेरघाटी पुलिस गांव पहुंची और एक ग्रामीण को हिरासत में ले गई। इससे गांव में डर का माहौल है, और ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग की है। दारोगा राहुल देव बर्मन ने बताया कि वे अपने सेक्टर में गश्त कर रहे थे और रास्ते में सैपुर गांव पहुंचे। वहां कुछ अज्ञात बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और उनकी चेन छीन ली। जब उन्होंने अपनी पहचान बताई, तो बदमाशों ने उन्हें छोड़ दिया। उन्होंने अवैध वसूली के आरोप को पूरी तरह गलत बताया। अब सवाल उठ रहा है कि दारोगा बिना वर्दी के झारखंड के हंटरगंज थाना क्षेत्र में क्यों आए? उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी? और क्या उन्होंने इस दौरे की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी थी या नहीं? ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर न्याय नहीं मिला तो वे आंदोलन तेज करेंगे। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, विधायक जनार्दन पासवान ने परिजनों को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया



**हंटरगंज (चतरा)।** जोरी थाना क्षेत्र के बानसिंह गांव में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इस हादसे के बाद रविवार को चतरा विधायक जनार्दन पासवान पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी और सरकार से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। यह हादसा शनिवार देर शाम चतरा-डोभी एनएच-22 पर हुआ, जब एक बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से बानसिंह निवासी अजय सिंह (25) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। काफी समझाने-बुझाने के बाद डीएसपी अमिता लकड़ा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जाम हटवाया। इस हादसे से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है, और परिजन न्याय व मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### गिद्धौर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, महिलाओं और किशोरियों की हुई जांच



**गिद्धौर।** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय, बारीसाखी में रविवार को मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया सुमीरा कुमारी और सेविका-सहिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें हीमोग्लोबिन, ग्लूकोज और शुगर की जांच शामिल थी। लाभुकों को प्रोटीन पाउडर, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, मल्टीविटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और गैस व बुखार की दवाएं मुफ्त में दी गईं। इस मौके पर पैड बैंक का भी उद्घाटन किया गया, जिसे आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित किया जाएगा। महिलाएं और किशोरियां अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र से मुफ्त में पैड प्राप्त कर सकेंगी। प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि यह पहल महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाएगी और उन्हें बेहतर देखभाल की ओर प्रेरित करेगी। शिविर में कई स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविकाएं, ग्रामीण महिलाएं और लाभार्थी उपस्थित रहे।

### पेक्सा रोड जल्द होगा चालू, सांसद से मुलाकात के बाद ग्रामीणों में खुशी



**गिद्धौर।** प्रखंड के किरकिरा मोड़ से पेक्सा गांव जाने वाली सड़क लंबे समय से बंद पड़ी थी, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। इस समस्या को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने सांसद कालीचरण सिंह से मुलाकात की और सड़क का काम फिर से शुरू कराने की मांग की।सांसद से मुलाकात के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने इसे एक सराहनीय पहल बताया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार, मंडल महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, संजय दांगी, सहेंद्र दांगी और विनय दांगी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### गिद्धौर में पेयजल संकट, सूखे चापाकल और कुएं बढ़ा रहे परेशानी



**गिद्धौर।** प्रखंड में गर्मी की शुरूआत के साथ ही सैकड़ों चापाकल और कुएं सूख गए हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। कई गांवों में लोग 1-2 किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं, जिससे उनकी दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। बारीसाखी के पांडे टोला और साव टोला समेत कई इलाकों में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई महीनों से चापाकल खराब पड़े हैं, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लोगों में आक्रोश है। आमतौर पर इस तरह की समस्या जून-जुलाई में देखने को मिलती है, लेकिन इस बार मार्च से ही पानी की कमी शुरू हो गई है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने जल्द समाधान की मांग की है, लेकिन संबंधित विभाग अब तक चुप्पी साधे हुए है।

### रामनवमी को लेकर थाना में बैठक, डीजे साउंड और अखाड़ा समितियों को दिए गए निर्देश



**गिद्धौर।** थाना में रविवार को थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में अखाड़ा समितियों और डीजे साउंड संचालकों की बैठक हुई। इसमें रामनवमी जुलूस के दौरान अश्लील और भड़काऊ गाने न बजाने, गाड़ियों के बाहर डीजे साउंड न लगाने और मानक क्षमता से अधिक ध्वनि न करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने अखाड़ा अध्यक्षों से पूरी समिति की सूची और डीजे साउंड संचालकों से अनापत्ति प्रमाण पत्र का आवेदन एक दिन के भीतर जमा करने को कहा। बैठक में विजय भारती, कार्तिक राणा, मुकेश दांगी, राहुल कुमार समेत विभिन्न अखाड़ा समिति के अध्यक्ष और डीजे संचालक मौजूद थे।

# चंदवा में धूमधाम से मनाई गई हिन्दू नववर्ष, संघ द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 चैट प्रतिपदा के मौके पर रविवार को स्थानीय खेल स्टेडियम परिसर में संघ स्थान पर रविवार की प्रातः बेला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा धूमधाम के साथ उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार शर्मा ने की। श्री शर्मा ने अपने बाल काल के दौरान संघ व इससे जुड़कर एक स्वयंसेवक के नाते सभी कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से राजेश चंद्र पांडे ने कहा कि आज का दिन हर सनातनियों के लिए महत्वपूर्ण है। चैत्र प्रतिपदा से ही हिंदू नव वर्ष शुरू होती है। विक्रम संवत 2082 की शुरूआत आज से है। उन्होंने कहा कि संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी आज ही के दिन हुआ था इसलिए नववर्ष प्रतिपदा को आरएसएस के स्वयंसेवक विशेष रूप से मनाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग शादी विवाह मुंडन गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य भारतीय तिथि के अनुसार करते हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक तिथि का निर्धारण हिंदू परंपरा में करते है। इसी प्रकार नव वर्ष का भी काफी महत्व है। भगवान श्री राम लंका विजय से लौटने के बाद जब घर पहुंचे थे तो उनका राज्याभिषेक भी आज ही के दिन हुआ था। आर्य समाज की स्थापना भी आज ही के दिन हुआ था। उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज को प्रणाम किया। सामूहिक प्रेरणा गीत के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।

इसके बाद स्वयंसेवको द्वारा एक प्रभात फेरी निकाली गयी, लोग भारत माता की जय, वंदे मातरम नववर्ष मंगलमय हो का जय घोष करते सरोज नगर मोहल्ले का दौरा किया। कार्यक्रम के बाद तमाम लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। शाम में सभी लोगों ने अपने घरों के बाहर दीप जलाई। मौके पर नरेश प्रसाद गुप्ता, अनिल प्रसाद, रामवृक्ष चौधरी, नरेंद्र अग्रवाल, किरण कुमार, महेंद्र अग्रवाल, प्रेम प्रसाद, गोपाल जायसवाल, रमन महतो, जयेश वरु, रविंद्र प्रसाद, गोविंद अग्रवाल, विनय विद्यार्थी, सुशील अग्रवाल, शिशिर कुमार, आयुष कुमार, अंश कुमार, गोलू अग्रवाल, निपुण अग्रवाल, शिशिर अग्रवाल, अंश कुमार, प्रतिश कुमार, प्रीतम कुमार, निखिल कुमार, अस्मित कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## रामनवमी पूजा समिति जमीरा की बैठक संपन्न, लिये गये कई निर्णय

चंदवा। आगामी रामनवमी पूजा महोत्सव को धूमधाम से बनाने को लेकर रामनवमी पूजा समिति जमीरा की बैठक जोड़ा तालाब परिसर में संपन्न हुई, जिसमें पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों के दर्जनों धर्मप्रेमी शामिल हुए, बैठक में रामनवमी पूजा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने को लेकर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। जिसमें आकर्षक अखाड़ा कार्यक्रम, भक्ति जागरण कार्यक्रम एवं मेला आयोजित करने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में रिंकू कुमार, जयप्रकाश घटवार, रवींद्र यादव, अजीत यादव, सुनील ठाकुर, कालेन्द्र यादव, जगदीप घटवार, रवींद्र गोप समेत कई अन्य मौजूद थे।

# विधायक प्रकाश राम ने किया क्षेत्र का दौरा, ग्रामीणों की सुनी समस्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** लातेहार स्थानीय विधायक प्रकाश राम अपने गृह प्रखंड क्षेत्र अमरवाडीह पंचायत के ग्राम मनातू, चेडरा, महुआटांड, अमरवडीह पहुंच कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। ग्रामीणों के साथ जन संपर्क किए तथा ग्रामीणों ने अपनी समस्या से विधायक प्रकाश राम को अवगत कराया। जिसमें मुख्य रूप से उच्च शिक्षा हेतु डिग्री कॉलेज, बारीखाप स्थित हॉस्पिटल बने कई वर्ष बित गए आज तक हॉस्पिटल मे डॉक्टर नहीं है। विधायक ने आश्वासन दिया कि मैं इस कार्यकाल में डिग्री कॉलेज तथा हॉपिटल में डाक्टर निश्चित रूप से बहाल करवाएंगे। ग्रामीणों ने विधायक राम को बताया की महुआटांड मे कोयला साइडिंग के उड़ते धूल से परेशान रहते हैं पानी छिड़काव नहीं किया



जाता है। यहां विद्यालय मे शिक्षक की घोर कमी है। सीसीएल स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं देकर बाहरी लोगों को रोजगार देने की काम कर रही है। क्षेत्र मे सड़क पानी की समस्या है। भूमि संबंधित मोटेशन से संबंधित भी जानकारी दिया इसपर विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा की आपलोग की हर समय समाधान के लिए अपना खून पसीना एक कर दूंगा। सड़क से लेकर सदन तक आप सबों की हित के लिए मै तैयार रहूंगा। आप सब के मेहनत के बदौलत ही हम सदन तक पहुंचे है। मेरा पहला प्राथमिकता रहेगा कि मैं अपलोगो का आवाज और समस्या को सदन में उठाता रहूंगा। और हर समस्या का समाधान करूंगा। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता देवनन्दन प्रसाद, भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद, भाजपा नेता योगेंद्र भोक्ता, भाजपा युवा नेता सोनू प्रजापति, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजमोहन राम, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष किशोर प्रसाद, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा (नीलू), पंकज सिंह, जतन प्रजापति, धनेश्वर उरांव, प्रकाश यादव, बलदेव यादव तथा काफी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित थे।

## बॉबी चुने गये लातेहार धर्मपुर पूजा कमेटी के अध्यक्ष



**लातेहार।** रामनवमी पूजा मनाने को लेकर स्थानीय शिव मंदिर धर्मपुर में एक बैठक की गई। बैठक में पूजा को सफल बनाने को लेकर आपसी विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोग ने पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर अपनी अपनी बातों को रखी। पूजा के सफल संचालन के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया। इसमें सर्व समिति से रितिक कुमार (बॉबी) को अध्यक्ष चुना गया और रवि कुमार वर्मा पूर्व अध्यक्ष को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। अनिल कुमार को महासचिव, अंकित कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। और अनिल सिंह, पवन कुमार गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता, आलोक कुमार सिंहा और भी अन्य व्यक्ति को संरक्षक बनाया गया। पूजा समिति की अध्यक्ष बॉबी ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर सर्वप्रथम तिरंगा पूरे मोहल्ला में लहराया जाएगा और पूरा लातेहार का भ्रमण कर शिव मंदिर वापस लौटने पर कोई खास प्रोग्राम की तैयारी चल रही है। रामनवमी के दिन भव्य जुलूस निकाला जाएगा जो शिव मंदिर धर्मपुर से मुकेश मेडिकल होते हुए थाना चौक से बाईपास रोड होते हुए शिव मंदिर वापस आएगा।

## जनहित के मुद्दों को लेकर आजसू 12 अप्रैल को देगी धरना

लातेहार समाहरणालय परिसर में होगा एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में बढ़ते प्रशासनिक भ्रष्टाचार, अव्यवस्थाओं और आम जनता की उपेक्षा को लेकर आजसू पार्टी 12 अप्रैल को लातेहार समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने कहा कि लातेहार जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं, वहीं भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही चरम पर है। आजसू पार्टी इन तमाम जनहित के मुद्दों को लेकर जिला प्रशासन से जवाबदेही की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अधिकारी सुरक्षित नहीं है तो आम जनता कैसे सुरक्षित रहेगी। वहीं शराब की दुकानों में ओवररेटिंग (अधिक कीमत वसूली) की शिकायत करने वालों को प्रताड़ित किया जा रहा है। आम जनता जब इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती है, तो उन्हें झूठे मामलों में फंसाकर जेल भेज दिया जाता है, जबकि अवैध वसूली में लिप्त अधिकारी और दरोगा बिना किसी डर के खुलेआम घूम रहे हैं। दरोगा के खिलाफ एजेंसी के द्वारा आवेदन को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया जबकि उनके आवेदन पर करवाई करके जेल भेज दिया गया। जिले में बिना सुविधाओं के होल्डिंग



टैक्स की जबरन वसूली की जा रही है, जबकि शहरवासियों को न तो पर्याप्त जलापूर्ति मिल रही है, न ही सड़कें सही स्थिति में हैं, और न ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त है। जिले के अंचल कार्यालयों में बिना दलालों के कोई भी काम नहीं हो रहा है। आम जनता को जमीन संबंधी कार्यों, दाखिल-खारिज, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र और अन्य कार्यों के लिए दलालों को भारी रिश्वत देनी पड़ती है। जिले में एकीकृत जनजातीय विकास अभिकरण (आईटीडीए) द्वारा सरना-मसना भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि यह निर्माण कोयला खनन के लिए अधिग्रहीत भूमि पर हो रहा है। कुछ ही समय में इस भवन को तोड़ना पड़ेगा, जिससे करोड़ों रुपये की बबार्दी होगी। इन सभी जनहित के मुद्दों को लेकर आजसू पार्टी 12 अप्रैल को लातेहार समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी।

## सुरेश राम को रांची हाई कोर्ट से मिली जमानत

**बरवाडीह।** बरवाडीह अंचल कार्यालय में प्रभारी अंचल निरीक्षक रहे सुरेश राम को रांची हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है। सुरेश राम को पलामू निगरानी विभाग के द्वारा जमीन के मोटेशन किए जाने में घूस लेने के आरोप में उनके सरकारी आवास से गिरफ्तार किया गया था। इधर जमानत पर बाहर आने के बाद सुरेश राम ने बताया कि उन्हें इस प्रकरण में गलत साजिश और राजनीतिक षडयंत्र के तहत फसाया गया है। क्योंकि उनके द्वारा किसी भी तरह के कार्य को लंबित नहीं रखा गया था। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायालय पर उन्हें पूरा भरोसा था जिसके कारण उन्हें आज जमानत मिली है, और जल्दी हमारे साथ न्याय होगा। इसके बाद इस केस में पूरी तरह से बरी होंगे।



सुरेश राम।

## सरहुल महोत्सव की तैयारी पूर्ण कार्यक्रम की रुप रेखा तैयार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय के सरना पड़हा भवन मे 1 अप्रेल को आयोजित प्रखंड स्तरीय प्रकृतिक का महापर्व सरहुल महोत्सव के अंतिम चरण की तैयारी पुरी कर ली गई है। समिति ने कहा की महोत्सव के मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवन, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा सहादेव, जिला परिषद सदस्य रमेश राम व थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार इस सरहुल महोत्सव मे अपनी गरिमापुर्ण उपस्थिति दर्ज करेंगे। 31 मार्च को पुजा स्थल पर घड़ा मे पानी रखना 7.00 बजे शाम मे दिनांक 01अप्रेल दिन मंगलवार को डंडा कटना सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सरना स्थल मे पुजा 10 बजे से 11 बजे तक आरती,बैच से स्वागत, 11 से12 बजे तक सरहुल पर्व (प्रकृति पुजा) सरना पुजा स्वागत भाषन सह परिचर्चा 12 से 12.30 बजे तक आदिवासी धर्म कला संस्कृति 12.30 से 1बजे तक.सरहुल पर्व शोभा यात्रा दोपहर 1 बजे से सरना पुजा स्थल से प्रखंड कार्यालय तक के लिए प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम मे अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने की अपील की। मौके पर महाबीर उरांव, धनेश्वर उरांव, सचु उरांव, नरेश उरांव, जगदिश उरांव, रबीन्द्र उरांव, जीतु उरांव, प्रमोद उरांव, जगदिश उरांव, रामप्रीत लोहरा, भरत उरांव, सुरेश उरांव, राजीव भगत, नरेन्द्र उरांव, एनिमेश उरांव, योगेन्द्र भोक्ता, सहित कई लोग मौजूद थे।

## गणेशपुर गांव में शुरू हुई चैती दुर्गा पूजा



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में बसंत नवरात्रि श्री चैती दुर्गा पूजा सह रामनवमी पूजा समिति द्वारा आयोजित चैती दुर्गा पूजा का नवरात्र का पाठ रविवार से प्रारंभ हो गया। और प्रथम दिन मां के स्वरूप शैलपुत्री का पूजन कार्य संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य आचार्य सत्यदेव पाठक सहयोगी आचार्य इंद्रदेव पांडे मुख्य पुजारी रामेश्वर सिंह ने पूजन कार्य संपन्न कराया। ज्ञात हो कि गणेशपुर ग्राम में प्रतिवर्ष चैती दुर्गा पूजा मनाई जाती है। जिसमें मां की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना की जाती है एवं विजयदशमी के दिन भव्य विजय जुलूस एवं मेला का आयोजन किया जाता है। चैती दुर्गा पूजा को लेकर पूरे गणेशपुर ग्राम में झंडा लगाया गया है। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय दिख रहा है। वही इस पूजन कार्यक्रम मे पूजा भंडारी रामनरेश सिंह,पूजा व्यवस्थापक भुवनेश्वर सिंह, जलेश्वर सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, महेंद्र सिंह, अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, उपाध्यक्ष मनोज प्रसाद गुप्ता, सचिव अनूप कुमार गुप्ता, उप-सचिव संतोष प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विष्णु शंकर सिंह,कोषाध्यक्ष हिमांशु सिंह मूर्ति व्यवस्थापक भुवनेश्वर सिंह, देवराज सिंह, शरण देव सिंह,सीताराम सिंह सजावट मंत्री सौरभ कुमार गुप्ता अभय सिंह, अमित गुप्ता,सत्यम वर्मा,लकी सिंह, आदित्य ठाकुर, प्रकाश यादव, दीपक राज, प्रेम राम, हैप्पी सिंह, अजय सिंह, सौरभ सिंह, मिथुन सिंह, प्रेम गुप्ता सहित कई लोग दुर्गा पूजा को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

## बालूमाथ थाना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में रविवार देर शाम ईद और सरहुल पर्व के मद्देनजर बालूमाथ शहर में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। फ्लैग मार्च बालूमाथ थाना परिसर से निकलकर बस स्टैंड बालूमाथ, छठ तालाब, टमटम टोला पांकी, जामा मस्जिद, बाजार टांड होते हुए पुन: वापस थाना परिसर पहुंची। मौके पर जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। और सभी को शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि ईद के दिन होने वाले विशेष नमाज को लेकर पुलिस बल की तैनाती की गई है। एवं त्योहार के दिन बड़े वाहनों का नो एंट्री भी लगा दिया गया है। ताकि लोग शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मना सके। मौके पर बालूमाथ थाना पुलिस अवर निरीक्षक गौतम कुमार, अमित कुमार, केके शर्मा समेत कई पुलिस जवान शामिल थे।

## मनाई गई नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू।** जिले के नवनिर्मित सरयू प्रखंड में अमर शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सांसद कालीचरण सिंह ने दीपप्रज्वलित कर लोगों को संबोधित करते हुए कहा नीलांबर-पीतांबर ने अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ आदिवासी समाज को संगठित कर संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति देकर स्वाधीनता की अलख जगाई। उनका बलिदान हमारी प्रेरणा का स्रोत है। जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा की नीलांबर-पीतांबर ने समाज को जागरूक करने का काम किया और उनका संघर्ष हमें अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की सीख देता है। उनकी शहादत को भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने नीलांबर-पीतांबर के बलिदान को याद कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस मौके पर चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिप सदस्य कन्हाई सिंह, बुधेश्वर उरांव, खरवार एकता संघ के पदाधिकारी, और मुखिया संघ के अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, राजेश सिंह, पूर्वे जिला परिषद सदस्य शिल्पा कुमारी ,तारा मुनि देवी, विवेकानंद गुप्ता, उलफन सिंह, धनेश्वर सिंह, राजकुमार सिंह, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चंदवा: नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव सह मेला का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत के निंद्रा कारीटांड में रविवार को नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, विशिष्ट अतिथि चंदवा पूर्वी जीप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, बलवंत कुमार, मुखिया सुनीता खलखो, कमल मुंडा, पंसस सुनीता देवी, लपरा मुखिया पुतुल देवी, जितेंद्र नाथ पांडे समेत कई प्रबुद्धजन मौजूद थे। जिनका टाना भगत समुदाय के लोगो द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज में भव्य स्वागत किया गया। इसके पूर्व सर्वप्रथम टाना भगत समुदाय के द्वारा कलश जल यात्रा निकाली गई व टाना भगत स्मारक स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना की गयी। वही मुख्य अतिथि ने ध्वज फहराया तत्पश्चात अन्य अतिथियों ने टाना



भगतो स्मारक स्थल पर नौ स्वतंत्रता सेनानियों भोला टाना भगत, बिरसा टाना भगत, शनि टाना भगत, मकु टाना भगत, साधु टाना भगत, एतवा टाना भगत, ठीबरा टाना भगत, थोलवा टाना भगत, छोटया टाना भगत के प्रतिमा पर माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पित किया तत्पश्चात गौरव स्मृति के मौके पर आयोजित जतरा मेला का उदघाटन वयोवृध्द बिरसा टाना भगत व देवशरण भगत ने फीता काटकर किया। मुखदेव गोप के द्वारा विषय प्रस्तुत कर टाना भगतो के आन्दोलन की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा की कि देश की आजादी में निन्द्रा के नौ टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी का अहम योगदान था। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के साथ मिलकर सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर अंग्रेजी हुकूमत देश से खदेड़ने का काम किया था। इनकी जीवन समाज व आदर्श समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इधर कार्यक्रम के दौरान 9 स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतो के वंशजो को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवशंकर टाना भगत तथा संचालन सुशील तिवारी एवं मुखदेव गोप ने किया। इस मौके एतवा टाना भगत, हीरा टाना भगत, सुरेश टाना भगत, रंथि टाना भगत, बुधनी टाना भगत, राजो टाना भगत, अनिता टाना भगत, सुखदेव टाना भगत, बिगले टाना भगत, भोला टाना भगत, रामभजन सिंह, ईश्वर टाना भगत, गंदोरी टाना भगत, रामविलास गोप, चारोराज टाना भगत, रमेश टाना भगत सहित काफी संख्या में टाना भगत समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## हाजीपुर जीएम के सेकेट्री ने बरवाडीह स्टेशन समेत विभिन्न डिपो का लिया जायजा



निरीक्षण करते सुमंत कुमार सिंह।

**बरवाडीह।** हाजीपुर रेल जोन के जीएम के सेक्रेटरी सुमंत कु .सिंह अपने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान शनिवार की रात्रि बरवाडीह रेलवे स्टेशन के साथ क्रू लॉबी, रनिंग रूम का निरिक्षण किया। रेलवे स्टेशन और क्रू लॉबी के निरीक्षण किए जाने के क्रम में रेल के परिचालन को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई जानकारियां ली। वही रनिंग रूम पहुंचकर संचालन व्यवस्था का जायजा लेते हुए किचन, डॉरमेट्री बेडरूम के साथ-साथ शौचालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान शौचालय की साफ सफाई और व्यवस्था में बेहतर सुधार लाने का निर्देश दिया गया। श्री सुमंत ने बताया कि हाजीपुर रेल जोन अंतर्गत सीआईसी रेल खंड एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में है। जहां से एक बेहतर राजस्व की प्राप्ति माल ढूलाई से होती है, और इसमें रनिंग कर्मियों का अहम योगदान होता है इसलिए उनकी सुविधा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान मौके पर सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला, जुगनू दास, बसीर अहमद समेत अन्य रेल अधिकारी मौजूद थे।

# नवोदय विद्यालय के लिए व 44 छात्र छात्रा एकलव्य मे हुये सफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एके आवासीय विद्यालय से नवोदय के लिए तीन व एकलव्य विद्यालय के लिए 20 छात्र छात्रा सफल हुए। जबकि संस्कार आवासीय विद्यालय से नवोदय के लिए दो व एकलव्य के लिए ग्यारह विद्यार्थी सफल हुए वहीं ज्ञानदीप ज्योति निकेतन आवासीय विद्यालय से एकलव्य के लिए 13 विद्यार्थी सफल हुए। एके विद्यालय के संचालक कमलेश पासवान ने बताया की सभी सफल परीक्षार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। वहीं फूलसु रोड स्थित संस्कार आवासीय विद्यालय के संचालक पिंटू कुमार ने बताया की इस विद्यालय से दो विद्यार्थी नवोदय विद्यालय मे सफल हुए जबकि एकलव्य के लिए 11 छात्र छात्रा सफल हुए। वहीं ज्ञानदीप ज्योति निकेतन आवासीय विद्यालय के संचालक सत्येंद्र कुमार ने बताया की बिते वर्ष एक छात्र नवोदय मे सफल हुए जबकि इस वर्ष दीपा रानी, स्वेता रानी अभिषेक गंझु, लक्की कुमार, यश कुमार, कृष्ण कुमार, राधा कुमारी,राम कुमार, सीता कुमारी, मधु बड़ा, गीता यादव, अंकित पासवान सीमा कुमारी 13 छात्र छात्रा एकलव्य विद्यालय के सफल हुए। हालांकि बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे कई प्रावेट विद्यालय चलता है। अन्य विद्यालय से आंकड़ा नहीं ले पाए। सवाल यह उठता है की जब प्रावेट विद्यालय से इतने छात्र छात्रा सफल होते हैं और सरकारी विद्यालय के छात्र छात्रा किन किन विद्यालय से परीक्षा मे शामिल हुए थे। सरकारी विद्यालय से कितने छात्र छात्रा नवोदय विद्यालय व एकलव्य के लिए सफल हुए हर संभव आंकड़ा लेने का प्रयास किया जायेगा। एके आवासीय विद्यालय बारियातू से नवोदय विद्यालय प्रतियोगिता परीक्षा मे तीन विद्यार्थी सफल हुए जिसमे खुसबू कुमारी पिता वीरेंद्र तुरी, लवकुश कुमार पिता रवि कुमार, आर्यन कुमार पिता उदय कुमार राम, एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रतियोगिता परीक्षा मे कुल 20 विद्यर्थी कक्षा 6 तथा 7 मे चयनित हुए जिसमे नितेश उरांव, सुभम उरांव, राजन उरांव, लक्की उरांव, रविकांत उरांव, आशित उरांव, प्रति कुमारी, जीरमनी कुमारी, प्रशांत उरांव, संदीप गंझु, चंदन उरांव, खुशु कुमारी, प्रशांत गंझु, इश्वर गंझु, नरेश गंझु, लवकुश कुमार, निशा कुमारी, विकाश उरांव, करणदेव गंझु, अमरेश गंझू सफल हुए।



### सरकारी विद्यालय मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर सवाल

सरकारी विद्यालय मे छात्रों को कॉपी किताब, मध्याहन भोजन, छात्रवृति,साईकिल, ड्रेस सहित कई सुविधा के लिए सरकार खर्च कर रही है। समय समय पर कई छात्र छात्रा नवोदय विद्यालय, एकलव्य, सीसीएल सहित अन्य विद्यालय मे प्रवेश के लिए मूल्यांकन परीक्षा देते हैं परन्तु प्राइवेट विद्यालय के तुलना कितने छात्र छात्रा सफल हुए हैं वह आंकड़ा लेने बाद दिखाया जायेगा।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने की बैठक



**लातेहार।** रविवार को लातेहार जिला मुख्यालय अंतर्गत परसही गांव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला सचिव चंदन बड़ाइक की अध्यक्षता में बैठक किया गया। इस बैठक में लातेहार जिला के जन समस्या को लेकर पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो के निर्देशनुसार जिले के सभी प्रखंडों में जनता दरबार का आयोजन किए जाने पर विशेष चर्चा किया गया, पार्टी की मजबूती को लेकर जयराम महतो के आगामी पलामू प्रमंडल में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को सफल बनाने का फैसला लिया गया। बैठक में मुख्य रूप में पलामू प्रमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, मनिका प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह चेरो, उपाध्यक्ष रंजय यादव, महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप नायक, सचिव प्रेम शंकर पांडे, युवा जिला अध्यक्ष बिनोद सिंह, कौलेश्वर गंझू, अनिल पासवान, अजय सिंह, रविंद्र सिंह आदि सैकड़ों क्रांतिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

